भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1408

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 18 जुलाई, 2014/27 आषाढ़, 1936 (शक) को दिया गया)

<u>विश्व बैंक द्वारा रैंकिंग</u>

1408. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विश्व बैंक की 'डूइंग बिजनेस' संबंधी रिपोर्ट में भारत की निराशाजनक रैंकिंग को संज्ञान में लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त रिपोर्ट के अनुसार देश के बैंकों की रैंकिंग में धीरे-धीरे सुधार हेतु नियामक और व्यापार परिवेश के मुद्दे को लेने एवं और कुछ निश्चित लक्ष्य तय करने की आवश्यकता है;

(घ) यदि हां, तो क्या भारत सरकार ने निवेशकों को हो रही समस्याओं का अध्ययन करने एवं देश के निवेश के माहौल में सुधार हेतु रूप रेखा तैयार करने के लिए किसी समिति का गठन किया है; और

(ड.) यदि हां, तो समिति की संरचना का ब्यौरा क्या है एवं समिति द्वारा रिपोर्ट कब तक प्रस्तुत किए जाने की संभावना है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री अरुण जेटली)

(क) और (ख) : विश्व बैंक समूह दुनिया के 189 से अधिक राष्ट्रों में व्यवसाय करना आसान करने संबंधी विषय पर विशिष्ट सूचना उपलब्ध कराने के लिए 2004 से 'डुइंग बिजनेस रिपोर्ट' नामक एक वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित कर रहा है। इस रिपोर्ट में केवल छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए मौजूद विनियमों के अनुसार राष्ट्रों की रैंकिंग की जाती है किंतु इसके नाम की वजह से प्राय: इसे सामान्य व्यवसाय परिवेश के संदर्भ में लिया जाता है। सरकार ने प्रयोग किए गए सूचकांकों, कार्यप्रणाली, प्रतिदर्श आकार, रैंकिंग के उपयोग, गुणवत्ता और राष्ट्र विशिष्ट व्यवसाय परिवेश आदि की अनदेखी के संबंध में अपनी चिंताएं विश्व बैंक को बता दी हैं।

(ग) और (घ) : इस रिपोर्ट में किसी राष्ट्र की रैंकिंग में सुधार के लिए माप योग्य लक्ष्य तय नहीं किया गया है। यद्यपि कोई समिति गठित करने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई है, तथापि, सरकार ने व्यवसाय

करना आसान करने और देश की रैंकिंग में सुधार के लिए वर्तमान नियमों के सरलीकरण और उन्हें तर्कसंगत बनाने, ई-शासन का प्रारंभ, शुल्कों में कमी आदि जैसे कई कदम उठाए हैं। प्रक्रिया के सरलीकरण और अनापत्ति जारी करने की प्रक्रिया में कार्यक्षमता और गति लाने संबंधी विभिन्न पहलुओं से जुड़े विभागों ने इस विषय को उच्य प्राथमिकता दी है।

*****